44 ग्राम प्रहरियों को एसपी ने किया सम्मानित

श्रावस्ती। पुलिस लाइन सभागार में शुक्रवार को ग्राम प्रहरियों की गोष्ठी आयोजित हुई। जिसमें एसपी ने 44 ग्राम प्रहरियों को सम्मानित किया।

एसपी प्राची सिंह ने कहा कि ग्राम प्रहरी पुलिस विभाग के अभिन्न अंग है। गांव स्तर पर बहुत सारी समस्याएं होती हैं। इसकी तत्काल संबंधित थाने पर सूचना दें। सभी लोग अपने पास थाना प्रभारी, बीट पुलिस अधिकारी सहित उच्चाधिकारियों के मोबाइल नंबर डायरी व मोबाइल में अवश्य फीड करें। जिससे कोई समस्या हो तो तत्काल फोन कर अपने अधिकारियों को समय से अवगत कराया जा सके।

अवैध शराब व क्षेत्र में माहौल खराब करने वाले अराजक तत्वों व चोरी करने वालों की तत्काल पुलिस को सूचना दें। इस दौरान उन्होंने भिनगा कोतवाली के सात, सिरसिया के पांच, गिलौला के आठ, सोनवा के पांच, इकौना के पांच, नवीन मॉडर्न थाना के चार, गिरंट के पांच व मल्हीपुर के पांच ग्राम प्रहरी को टिफिन, छाता व टॉर्च प्रदान किया। इस दौरान सोनवा क्षेत्र के ग्राम प्रहरी प्रेम कुमार ने गीत भी प्रस्तुत किया। इस मौके पर आरआई विनोद कुमार सिंह सहित अन्य मौजूद रहे। संवाद

पुलिस अधीक्षक व पुलिस अधिकारीयो ने किया श्रमदान

सदभावना संवाददाता।

श्रावती। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह की उपस्थिति में पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण द्वारा पुलिस लाइन में श्रमदान कर परिसर को स्वच्छ किया गया। साथ ही साथ पुलिस लाइन परिसर में स्थित तालाब का निरीक्षण किया गया। रेन वाटर हार्वेस्टिंग तकनीक का प्रयोग कर जल संरक्षण करने के संबंध में प्रतिसार निरीक्षक को आवश्यक दिशा निर्देश दिए,जिससे पक्षियों के विचरण में सुविधा हो एवं मत्स्य पालन भी किया जा सके।इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव, क्षेत्राधिकारी इकौना संतोष कुमार, प्रतिसार निरीक्षक विनोद कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।